भारत सरकार,
गृह मंत्रालय,
भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण

प्रथम तल, लोक नायक भवन,
खान मार्किट, नई दिल्ली- 110003

विषय:- भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में दिनांक 13.04.2023 को कंठस्थ सॉफ्टवेयर पर कार्यशाला की प्रस्तुति।

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में दिनांक 13.04.2023 को अपराह्न 3.00 बजे वृहद सम्मेलन कक्ष में सभी पदाधिकारियों के लिए कंठस्थ सॉफ्टवेयर पर हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई।

सर्वप्रथम, श्री यशवंत कुमार जैन, अवर सचिव (वित्त/रा.भा.) ने राजभाषा विभाग से आमंत्रित अतिथि वक्ता सुश्री भावना सक्सेना और सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया कि राजभाषा नियमानुसार प्रत्येक कार्यालय में प्रत्येक तिमाही में एक हिंदी कार्यशाला आयोजित करना आवश्यक है। राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए, राजभाषा विभाग से कंठस्थ सॉफ्टवेयर पर हमारा मार्गदर्शन करने हेतु सुश्री भावना जी यहाँ पर आमंत्रित है, जिनके मार्गदर्शन से हम सब कंठस्थ सॉफ्टवेयर के माध्यम से अंग्रेजी और हिंदी में द्विभाषिक रूप से कार्य कर सकने में सक्षम हो पाएंगे।

तत्पश्चात सुश्री भावना जी ने राजभाषा विभाग, सी डेक की सहायता से निर्मित कंठस्थ सॉफ्टवेयर की उपयोगिता के बारे में सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कंठस्थ सॉफ्टवेयर की सहायता से अंग्रेजी और हिंदी में द्विभाषिक रूप से कार्य करने के तरीके, कंठस्थ के माध्यम से अनुवाद करने की प्रक्रिया पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि कंठस्थ एक मेमोरी आधारित सॉफ्टवेयर है जिस पर सभी कार्यालय अपना अनुवाद डाउनलोड करते हैं ताकि अन्य कार्यालयों द्वारा अनुवाद करते समय सही शब्दावली प्राप्त हो सके।

इसके अलावा, उन्होंने कंठस्थ सॉफ्टवेयर का लाइव डेमो भी प्रदर्शित किया और उसकी कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया। अंत में परामर्शी राजभाषा ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों और अतिथि वक्ता का धन्यवाद देते हुए हिंदी कार्यशाला का समापन किया।

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण

हिंदी कार्यशाला
में
आप सबका स्वागत है।

(दिनांक 13.04.2023 अपराह्न 03:00 बजे)

<u>विषय: कंठस्थ सॉफ्टवेयर</u>

व्याख्याता
सुश्री भावना सक्सेना
राजभाषा विभाग

Papyrus
Jovial

Jovial
Jovial
Papyrus
wintex

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण